# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केन्द्र सरकार रेल सेवा विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर खास जोर दे रही है। सरकार का ध्यान रेल कॉरिडोर को रफ्तार देने की भी है। रेलवे ने इस सिलसिले में करीब आठ सौ पन्द्रह करोड़ रूपये की मल्टी ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दी है। रेल अवसंरचना विकास से जुड़ी इन परियोजनाओं का लाभ झारखंड को भी मिलेगा।

********************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस विपक्ष ने दिया है। लोकसभा सूत्रों के अनुसार, विपक्ष ने यह नोटिस सदन के महासचिव को सौंप दिया है। सूत्रों ने बताया है कि नोटिस की जांच की जाएगी और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।

********************

राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिकायत निवारण समिति का गठन होगा। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग ने इसके गठन का प्रारुप सभी विश्वविद्यालयों को उपलब्ध करा दिया है। इस समिति के पास शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी और विद्यार्थी शैक्षणिक सुविदाएं, भेदभाव, नामांकन, छात्र संघ चुनाव, नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 से जुड़ी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। विश्वविद्यालय स्तर पर डीएसडब्ल्यू की अध्यक्षता में गठित होनेवाले शिकायत निवारण समिति में प्रॉक्टर, कुलपति द्वारा नामित पांच प्रोफेसर और अंतिम वर्ष के दो छात्र सदस्य होंगे।

********************

झारखंड बार काउंसिल के होने वाले चुनाव के लिए धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी के नेतृत्व में धनबाद से रांची के लिए नामांकन रैली रवाना हुई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस चुनाव में उन्हें जिले के अधिवक्ताओं का पूरा समर्थन मिल रहा है।

********************

नीति आयोग ने आज नई दिल्ली में विकसित भारत और नेट ज़ीरो की दिशा में बिजली, परिवहन, उद्योग और महत्वपूर्ण खनिजों की मांग और आपूर्ति के आकलन पर चार अध्ययन रिपोर्ट जारी कीं। इस अवसर पर नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने नेट ज़ीरो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक समन्वित और दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 2070 में भी उद्योग की लगभग एक–चौथाई खपत जीवाश्म ईंधन से ही पूरी होगी, और इसे कार्बन कैप्चर और अन्य प्रौद्योगिकियों के माध्यम से नियंत्रित किया जाएगा।

********************

सिमडेगा जिले की उपायुक्त कंचन सिंह ने आज कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर छात्राओं को फाइलेरिया रोग के कारण, बचाव एवं दवा सेवन की सही प्रक्रिया जानकारी दी गई। इस अभियान के तहत जिले के एक लाख चौरासी हजार लोगों को फाइलेरिया रोधी खुराक दी जाएगी।

********************

सिमडेगा जिला स्थित रामरेखा धाम को धार्मिक पर्यटक स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए लगभग 19 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस राशि से इस पर्यटक स्थल के सौंदर्यीकरण के साथ पर्यटकों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

********************

आज सेफर इंटरनेट डे मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में हजारीबाग समाहरणालय सभागार में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि इंटरनेट तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग के प्रति सभी को जागरुक होने की जरूरत है।

जामताड़ा जिले में भी सेफर इंटरनेट डे पर सुरक्षित इंटरनेट सेवा के इस्तेमाल की जानकारी लोगों को दी गई।

********************

सिमडेगा जिला के पुलिस अधीक्षक  ने गिरधा ओपी प्रभारी के खिलाफ रिश्वत मांगे जाने की लिखित शिकायत ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराए जाने के बाद  अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को इसकी जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

********************

चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने शव को कब्जे कर इसकी जांच कर दी है। हालांकि, इस हत्याकांड में शामिल आऱोपियों की पहचान अबतक नहीं हो सकी है।

********समाप्त*********